# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः 11.07.2025

## पंचायत उप निर्वाचन, 2025 हेतु मतगणना एवं परिणाम

- आज दिनांक-11.07.2025 को राज्य के **38** जिलों मे कुल **403** पदों यथा ग्राम पंचायत सदस्य के **174** पद, ग्राम कचहरी पंच के **36** पद, ग्राम पंचायत मुखिया के **61** पद, पंचायत समिति सदस्य के **56** पद, ग्राम कचहरी सरपंच के **70** पद एवं जिला परिषद सदस्य के **6** पद पर दिनांक 09.07.2025 को शांतिपूर्ण संपन्न पंचायत उप निर्वाचन, 2025 हेतु मतगणना का कार्य **कुल 221** मतगणना केन्द्रों पर प्रातः 8.00 बजे से प्रारंभ की गयी।
- मतगणना प्रारंभ होने से पूर्व आयोग के निदेशानुसार डिजिटल लॉक युक्त ब्रजगृह में भंडारण किये गये पोल्ड ईवीएम को निर्धारित समय पर निर्वाची पदाधिकारी, सहायक निर्वाची पदाधिकारी, अभ्यर्थियों एवं निर्वाचन अभिकर्ता/अभ्यर्थी की उपस्थिति में खोला गया और मतों की गिनती के निमित्त संबंधित मतगणना हॉल पर पहुंचाया गया।
- पंचायत उप निर्वाचन, 2025 हेतु कुल 403 रिक्त पदों के लिए निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की कुल संख्या 1249 थी। जिनमें 694 पुरूष और 555 महिला अभ्यर्थियों शामिल रहे।
- पंचायत उप निर्वाचन, 2025 हेतु मतगणना में पदवार चुनाव परिणाम से संबंधित विवरण निम्नांकित हैः-

| पद | मतदान हेतु पदों की संख्या | निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की संख्या | विजेता | | कुल विजेता |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | पुरूष | महिला | |
| ग्राम पंचायत सदस्य | 174 | 396 | 95 | 79 | 174 |
| ग्राम पंचायत मुखिया | 61 | 288 | 30 | 31 | 61 |
| पंचायत समिति सदस्य | 56 | 188 | 16 | 40 | 56 |
| जिला परिषद् सदस्य | 06 | 32 | 01 | 05 | 06 |
| ग्राम कचहरी सरपंच | 70 | 269 | 44 | 26 | 70 |
| ग्राम कचहरी पंच | 36 | 76 | 21 | 15 | 36 |
| | **403** | **1249** | **207** | **196** | **403** |
| | | | | | |

11.7.25

**शातिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतगणना केन्द्र की व्यवस्था**

- **OCR (ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकोग्निशन) से मतगणनाः** पूर्व की भांति पोल्ड ईवीएम से प्राप्त मतों की गिनती ओसीआर (ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकोग्निशन) सिस्टम से की गयी।
- **शत-प्रतिशत ओसीआर आधारित मतगणना:** पंचायत उप निर्वाचन 2025 में मतगणना की संपूर्ण प्रक्रिया में शत-प्रतिशत (100%) परिणामों का निष्पादन ओसीआर तकनीक द्वारा रियल टाइम में किया गया। यह उपलब्धि न केवल तकनीकी सक्षमता का प्रतीक है, बल्कि निर्वाचन आयोग की पारदर्शिता, जवाबदेही और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है।

- OCR यानी ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकग्निशन तकनीक के माध्यम से मतों की गणना की जाती है। सारे EVM(सी.यू.) पर लगाया जाता है एक विशेष कैमरा, जो AI सॉफ़्टवेयर के माध्यम से ईवीएम (C.U) के डिस्प्ले पर प्रदर्शित आंकड़ों की गणना करता है, बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के हर वोट की गिनती तेज़, सटीक और पारदर्शी तरीके से। साथ ही निर्वाचन परिणाम स्वतः प्रदर्शित होते हैं एवं पूरी मतगणना प्रक्रिया रिकॉर्ड होती है, जिससे पारदर्शिता बनी रहती है। यह तकनीकी नवाचार लोकतंत्र में बढ़ा रहा है विश्वास और बना रहा है चुनाव प्रक्रिया को और अधिक भरोसेमंद।
- **मतगणना केन्द्र पर बलों की प्रतिनियुक्तिः** शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतगणना सम्पन्न कराने के लिए निर्धारित मानक के अनुसार सशस्त्र पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गयी थी।
- **कंट्रोल रूम का गठनः** मतगणना केन्द्र पर किसी भी गड़बड़ी की जानकारी, मतदाताओं या अभ्यर्थियों की शिकायत आदि के अनुश्रवण हेतु प्रमण्डल/ जिला/आयोग स्तर पर नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया था।
- इसके अलावा कोई भी व्यक्ति मतदाता/अभ्यर्थी आयोग में संचालित कॉल सेंटर कोषांग के टोल फ्री नंबर 1800-3457-243 पर कॉल करके निर्वाचन संबंधी सूचना, सुझाव या शिकायत दर्ज कर सकते हैं।
- **निर्वाचन परिणाम देखने की ऑनलाइन सुविधाः-** कोई भी मतदाता या अभ्यर्थी पंचायत उप निर्वाचन, 2025 का चुनाव परिणाम ऑनलाइन भी देख सकते हैं। यह सुविधा राज्य निर्वाचन आयोग के वेबसाईट www.sec.bihar.gov.in पर 'मतदाता कॉर्नर' एवं 'अभ्यर्थी कॉर्नर' (दोनों में) स्थित "निर्वाचन परिणाम देखें" मेनू वाले लिंक के अंतर्गत उपलब्ध है।

**संयुक्त निर्वाचन आयुक्त**
**राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार**

11.7.25